कार्यालय नगर पालिका परिषद बेरीनाग,जनपद–पिथौरागढ़

पत्रांकः 279 /एन0पी0/निर्माण–कार्यादेश/2023–24 दिनांकः 15.09.2023

कार्यादेश

श्री ख्याति वर्धन पंत
ठेकेदार नगर पंचायत बेरीनाग।

आपको इस पत्र द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय की निविदा पत्रांकः सं0– 254/एन0पी0/निविदा–सूचना/2023–24 दिनांकः 04.09.2023 के क्रम में आपके द्वारा नगर पालिका परिषद बेरीनाग मे अम्बेडकर पार्क में मिटिंग हाल का निर्माण कार्य हेतु प्रस्तुत आपकी निविदा की दरें सर्वन्यून होने के कारण अध्यक्ष महोदय, नगर पालिका परिषद बेरीनाग द्वारा स्वीकृत कर लिया गया है।

अतः आप उपरोक्त निर्माण की आगणन की 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि की एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 जो कि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बेरीनाग के पदनाम से बंधक हो जमा करते हुए रू0–100.00 के स्टाम्प पेपर निकाय के पक्ष में अनुबन्ध कर अवर अभियंता की देख रेख में निम्न विवरणानुसार कार्य प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें।

1– निर्माण कार्य तीन दिन में प्रारम्भ कर लिखित सूचना कार्यालय में प्रस्तुत करें।
2– कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व, मध्य एवं कार्य समाप्ति के पश्चात कार्यस्थ्ल के पोस्टकार्ड आकार के तीन–तीन फोटो तैयार करा कर इस कार्यालय को लिखित रूप में उपलब्ध करायें।
3– उपरोक्त निर्माण कार्य को अनुबन्ध की तिथि से एक माह के अन्दर पूर्ण करना अनिवार्य है।
4– उपरोक्त निर्माण कार्य का भुगतान अनुबन्धानुसार पालिका की आर्थिक स्थिति के आधार पर कई भागों में किया जा सकता है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद बेरीनाग
जिला–पिथौरागढ़

प्रतिलिपिः–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– अध्यक्ष महोदय, नगर पालिका परिषद बेरीनाग।
2– अवर अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग पिथौरागढ़ को इस अनुरोध के साथ कि उपरोक्त कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप सम्पादित करने व गुणवत्ता बनाये रखने हेतु समय समय पर उक्त कार्य का निरिक्षण किये जाने हेतु प्रेषित।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद बेरीनाग
जिला–पिथौरागढ़